म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

M.P. CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY, GWALIOR

https://mpcci.in

eअर्थवार्ता

मासिक पत्रिका



OCTOBER 2026

- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- वर्ष : 29, अंक : 04

http://www.mpcci.in
ई-अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

'माधव प्लाजा' के संबंध में जीडीए-अध्यक्ष, श्री मधुसूदन भदौरिया को सौंपा ज्ञापन

समस्या का समाधान शीघ्र शासन स्तर से कराया जाएगा : अध्यक्ष, जीडीए



MPCCI के प्रतिनिधि मण्डल ने 10 अक्टूबर 2026 को ग्वालियर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष–श्री मधुसूदन भदौरिया से जीडीए कार्यालय में भेंट की और उन्हें 'माधव प्लाजा' में दुकानों की रजिस्ट्री के अवसर पर माँगे जा रहे ब्याज के संबंध में हितग्राहियों की परेशानियों पर विस्तृत ज्ञापन सौंपा ।

प्रतिनिधि मण्डल में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल एवं मानसेवी संयुक्त सचिव–दीपक पमनानी शामिल थे ।

प्रतिनिधिमण्डल ने जीडीए अध्यक्ष–श्री भदौरिया जी को अवगत कराया कि जब 'माधव प्लाजा' की दुकानें बुक की गई थी, उस समय व्यवसाईयों द्वारा दुकानें बुक कराई गईं, परन्तु इसी दौरान हितग्राहियों को पता चला कि इस कॉम्पलेक्स के निर्माण हेतु जीडीए के पास पर्यावरण विभाग की एनओसी ही नहीं हैं, जिसके कारण जीडीए को दुकानें विक्रय करने/रजिस्ट्री करने का अधिकार ही नहीं है । इस पर व्यवसाईयों द्वारा दुकानों की दूसरी व तीसरी किस्त देना बंद कर दिया गया । उसके पश्चात् करीब एक वर्ष बाद जीडीए 'माधव प्लाजा' हेतु पर्यावरण की एनओसी ले पाया और व्यवसाईयों ने जब दुकानों की रजिस्ट्री हेतु जीडीए से बात की, तब जीडीए द्वारा गलत रूप से उस पर ब्याज की माँग की जाने लगी ।

पदाधिकारियों ने कहाकि हितग्राहियों से ब्याज माँगे जाने संबंधी बात को हमारे द्वारा तत्कालीन प्रदेश के मुख्यमंत्री–माननीय शिवराज सिंह चौहान जी के 'चेम्बर भवन' में पधारने पर उनके सम्मुख प्रस्तुत की गई, जिस पर उनके द्वारा तत्काल ब्याज माफी की घोषणा की गई थी, परन्तु उस समय जीडीए बोर्ड का गठन नहीं हुआ था, इसलिए तत्कालीन सीईओ का कहना था कि चूंकि बोर्ड का गठन नहीं हुआ है । इसलिए इस पर हम निर्णय नहीं ले सकते हैं ।



प्रतिनिधि मण्डल ने कहाकि वर्तमान में अत्यन्त ही हर्ष का विषय है कि जीडीए बोर्ड

का गठन आपके नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किया गया है और इससे व्यवसाईयों को काफी उम्मीदें हैं । अतः तत्काल इस बात का निर्णय लिया जाए कि पर्यावरण की अनुमति लेने में हुए विलम्ब की अवधि के ब्याज की माँग व्यवसाईयों से नहीं की जाएगी और एक अवसर हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जाएगा । यदि निर्धारित अवधि में व्यवसाई अपनी दुकान की रजिस्ट्री करा लेता है, तब उसे ब्याज की राशि से मुक्त रखा जाएगा ।

जीडीए अध्यक्ष–श्री मधुसूदन भदौरिया ने इस अवसर पर प्रतिनिधि मण्डल से कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री–माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वर्ष–2023 में जो घोषणा 'चेम्बर भवन' में की गई थी, उसका प्रस्ताव पूर्व में शासन को प्रेषित किया जा चुका है । शीघ्र ही इसके निराकरण हेतु आवश्यक हरसंभव कार्यवाही हमारे द्वारा की जाएगी और समस्या का समाधान किया जाएगा । इस अवसर पर जीडीए, सीईओ–श्रीमती अनीषा श्रीवास्तव भी विशेष रूप से उपस्थित थीं ।

गार्बेज शुल्क के संबंध में शासन के आदेश का पालन एवं परिषद के ठहराव अनुसार वसूली किए जाने हेतु प्रतिनिधि मण्डल ने आयुक्त, नगर-निगम-श्री अभिषेक चौधरी से की भेंट

शासन द्वारा जारी आदेश एवं परिषद के ठहराव के मुताबिक गार्बेज शुल्क वसूल किए जाने को लेकर दि. 26 अक्टूबर को बाल भवन में निगमायुक्त, श्री अभिषेक चौधरी से चेम्बर के प्रतिनिधि मण्डल ने बाल भवन में मुलाकात की । प्रतिनिधि मण्डल में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल, उपाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव–दीपक पमनानी एवं कोषाध्यक्ष–मनोज अग्रवाल शामिल रहे ।

प्रतिनिधि मण्डल ने आयुक्त–श्री अभिषेक चौधरी से विस्तार चर्चा कर बताया कि गार्बेज शुल्क का जन्म 31 जनवरी,2020 को हुआ था, जिसे शासन के निर्देश पर 22–09–2023 को रिवीजन कर, संशोधित किया गया था । संशोधन के पश्चात् 1000 वर्गफुट से ऊपर की दुकान और गोदाम पर वेयरहाउस की निर्धारित दरें लागू की जा रही हैं, जो पोर्टल में जानबूझकर हेराफेरी की जा रही है, जबकि परिषद द्वारा गार्बेज शुल्क की दरों को 29–12–2025 को युक्तियुक्तकरण करके ठहराव क्रमांक–224 पारित किया था, जिसे निगमायुक्त के पुर्नविचार की अनुशंसा पर परिषद द्वारा दिनांक 26–02–2026 को ठहराव क्रमांक–246 लागू किया था, जिसका पालन आज दिनांक तक नहीं हो रहा है । इसके विपरीत पोर्टल में वेयरहाउस की जगह अवैधानिक रूप से गोडाउन शब्द का इस्तेमाल कर, गलत रूप से लोगों से गार्बेज शुल्क की वसूली की जा रही है, जिससे व्यापारी एवं आमजन में गहरा रोष है ।

आयुक्त–श्री अभिषेक चौधरी ने प्रतिनिधिमण्डल को आश्वासन देते हुए कहा कि इस पर शीघ्र ही शासन के आदेश एवं परिषद के ठहराव के मुताबिक निर्णय लिया जाएगा । यदि किसी प्रकार की गलत वसूली की जा रही है, तो वह रोकी जाएगी ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह के सानिध्य में दीपावली पर्व पर महाराज बाड़ा क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु बैठक आयोजित



दीपावली पर्व पर महाराज बाड़ा, सराफा बाजार, दौलतगंज, दाल बाजार एवं लोहिया बाजार की यातायात व्यवस्था के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 24 अक्टूबर 'चेम्बर भवन' में किया गया । बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक–श्री धर्मवीर सिंह, आयुक्त नगर निगम–श्री अभिषेक चौधरी, ए.डी.एम.–श्री अनिल बनवारिया, एसडीएम–श्री नरेन्द्र बाबू यादव, अपर आयुक्त, नगर निगम–श्री मुनीष सिकरवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण)–श्री जयराज कुबेर, डीएसपी ट्रैफिक–श्री अजीत सिंह चौहान, सीएसपी लश्कर–किरन अहिरवार एवं कोतवाली, जयेन्द्रगंज तथा ट्रैफिक टीआई एवं पार्षद–श्री अनिल सांखला आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक–श्री धर्मवीर सिंह जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि बैठक में जितने सुझाए आए है, वह एक एक्सपर्ट की भांति ही आए हैं क्योंकि आपको उस क्षेत्र की व्यवहारिक समझ है । आपके सुझावों को फील्ड में जाकर समझने की जरूरत है । जब हम फील्ड में उतरेंगे, तो व्यवस्थाएँ दुरूस्त होंगी । त्योहारों पर बाजारों में फुटफॉल ज्यादा बढ़ता है, इसके लिए हम तैयारियाँ कर रहे हैं । आपने जो पार्किंग स्थल बताई हैं, कल से हमारी टीमें इन स्थलों का विजिट करेंगी और वहां पर पार्किंग व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा । महाराज बाड़ा पर जो अवैध वसूली का नेटवर्क है, उसको कंट्रोल करने का प्रयास होगा । पथ विक्रेताओं को व्यवस्थित तरीके से बाजारों में व्यापार करने के लिए प्रेरित किया जाएगा । त्योहारों में रांग साइड को रोकने के लिए पॉइंट लगाए जाएँगे । धनतेरस पर वाहन रात्रि में देर तक बाजार में आएँ, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।



बैठक में ए.डी.एम.–श्री अनिल बनवारिया ने कहा कि बाड़ा एक कॉम्पलेक्स क्षेत्र है । यहाँ पर जनसंख्या का घनत्व भी ज्यादा है । ग्वालियर में प्रतिमाह 4 हजार वाहन रजिस्टर्ड हो रहे हैं । यह वाहन सड़कों पर ही आते हैं, लेकिन हमारी सड़कें सीमित हैं और खुली भूमि भी अब इस क्षेत्र में नहीं हैं । नये पार्किंग प्लेस जो सुझाए गए हैं, उनको भी ध्यान में रखकर व्यवस्था बनाई जाएगी।

आयुक्त, नगर–निगम, श्री अभिषेक चौधरी ने कहा कि बैठक में जो बिन्दु बताए गए हैं, उन्हें नोट किया है । जो पार्किंग बंद पड़ी हैं, उनको प्रारंभ किया जाएगा । स्वच्छता पर कार्य किया जाए तथा जिन पोल पर लाईट नहीं हैं, उन पर लाईट की व्यवस्था की जाएगी ।

इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने स्वागत उद्‌बोधन में कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर–निगम के सामंजस्य तथा नागरिक कर्तव्य को पूरा किए बिना व्यवस्थित नहीं हो सकती

है । आपने बैठक में बताया कि महाराज बाड़ा क्षेत्र में जाम के कारण ग्राहक अब आने से डरता है । पाटनकर बाजार से दौलतगंज होते हुए बाड़ा क्षेत्र के लिए जाते हैं, तब राँग साइड से आने वाले वाहनों का सामना करना पड़ता है । यदि वनवे पर भी यातायात सुचारू नहीं चल रहा है, तो उसे सुधारने की आवश्यकता है । दाल बाजार तिराहे तथा नया बाजार में पीक अवर्स में जाम लगता है । इसलिए पीक अवर्स में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर-निगम की टीम निरीक्षण कर लें, तो बेहतर व्यवस्था बनाई जा सकती है । आपने मांग की कि धनतेरस पर बाड़ा पर ट्रैफिक व्यवस्था को पूर्व की भांति वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की जाए । जुलूस निकालने के लिए जो गाइडलाइन तय की गई है, उसके अनुसार जुलूस निकाले जाए तथा दीपावली तक इन क्षेत्रों से किसी प्रकार के जुलूस को निकालने की अनुमति न दी जाए । वहीं दाल बाजार दो थाना क्षेत्रों में आता है, इसको जयेन्द्रगंज से जोड़ा जाए, ताकि समस्या का जल्दी समाधान हो ।

बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने कहा कि यातायात समिति की बैठक में भी इस पर सहमति बनी थी कि शहर में जो पार्किंग ऑपरेशनल नहीं है, उन्हें तोड़कर दुबारा बनाया जाए, ताकि उनका उपयोग हो सके तथा जिम्मेदारों पर कार्यवाही की जाए।

संयुक्त अध्यक्ष-सुरेश बंसल जी ने कहा कि सिंधी धर्मशाला के सामने टेलीफोन एक्सचेंज की जगह पर दोपहिया वाहनों की पार्किंग तथा गजाराजा कन्या विद्यालय में चार पहिया वाहनों की पार्किंग कराई जा सकती है ।

मानसेवी संयुक्त सचिव-दीपक पमनानी ने बताया कि शासकीय प्रेस से चिटनिस की गोठ के लिए टर्न करने पर एक हाईमास्ट लगाया गया है तथा इसके साथ ही पानी की मोटर का स्विच भी लगाया गया है तथा यहाँ पर ठेले वाले कई सौ फीट जगह घेर लेते हैं, इसलिए यहाँ से हाईमास्ट व पानी की मोटर के स्विच को शिफ्ट किया जाए, तो काफी जगह यातायात के लिये उपलब्ध हो सकेगी ।

कोषाध्यक्ष-मनोज अग्रवाल ने सुझाव दिया कि महाराज बाड़ा के पथ विक्रेताओं के लिये कम्पू में हॉकर्स जोन बनाकर उन्हें वहाँ विस्थापित किया गया था, लेकिन वह खाली पड़ा है । यहाँ पर असमाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है, इस जगह को पार्किंग के लिये उपयोग किया जा सकता है ।

बैठक में व्यापार समिति, दाल बाजार के अध्यक्ष-श्री दिलीप पंजवानी, सचिव-श्री श्यामबंसल (अप्पा), ग्वालियर लोहा व्यवसायी संघ के सचिव-श्री महेश गेड़ा, दी ग्वालियर होलसेल क्लॉथ मर्केन्टाइल एसोसिएशन के सचिव-श्री विजय जाजू, सोना एवं चांदी व्यवसाय संघ, सराफा बाजार के अध्यक्ष-श्री पुरुषोत्तम जैन, ग्वालियर बर्तन निर्माता व्यवसायी संघ के अध्यक्ष-श्री विनोद गिडवानी, सचिव-श्री माधव अग्रवाल, टोपी बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष-श्री संदीप वैश्य, ग्वालियर टिम्बर प्लायवुड एसोसिएशन के सचिव-श्री आशीष जैन, माधवगंज चिटनिस की गोठ व्यवसायी संघ के अध्यक्ष-श्रीमती बबीता डाबर, उपाध्यक्ष-श्री मनोज सरावगी, सुभाष मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष-प्रकाश आयलानी, महासचिव-श्री राममोहन, नेहरू मार्केट से श्री श्याम रोहिरा, चावड़ी बाजार के सचिव-श्री गोपाल मोटवानी, दर्जी ओली से-श्री कैलाश चावला द्वारा भी बाजारों में यातायात व्यवस्था सुधारने के संबंध में अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त किए ।

बैठक के अंत में आभार संयुक्त अध्यक्ष-सुरेश बंसल द्वारा व्यक्त किया गया । इस अवसर पर उपाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-दीपक पमनानी, कोषाध्यक्ष-मनोज अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्य सर्वश्री-महेश मुदगल, अखिलेश गोयल, शंकर गाबरा, वसंत अग्रवाल, आशीष अग्रवाल एवं व्यवसायी सर्वश्री महेन्द्र साहू, सुशांत सिंघल, नागेन्द्र चतुर्वेदी, संजय कट्टल, गिरीश अग्रवाल, तपन भार्गव, मुकेश वासवानी, ओमप्रकाश, धीरज गोयल, श्रेयांस सिंघल, मनीष गोयल, अनुराग गर्ग, आयुष बंसल, सुनील बंसल, संतोष जैन आदि उपस्थित रहे ।

FICCI की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने रखा महत्वपूर्ण सुझाव



मुंबई में आयोजित फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इण्डस्ट्री **(FICCI)** की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल शामिल हुए ।

बैठक में आपने सुझाव दिया कि देशभर में अपने लगभग 260 सदस्य संगठनों को और अधिक सक्रिय रूप से जोड़े । ये संगठन सीधे व्यापारियों और उद्योगपतियों से जुड़े हैं तथा अपने क्षेत्रों की समस्याओं और जरूरतों को अच्छी तरह समझते हैं । इनके अनुभवों का लाभ राष्ट्रीय स्तर पर लिया जाना चाहिए ।

FICCI के माध्यम से एक ऐसी समिति बनाई जाए, जो अलग–अलग राज्यों की औद्योगिक एवं व्यापारिक नीतियों का अध्ययन करे । इसमें नीति, स्टाम्प ड्यूटी, औद्योगिक प्रोत्साहन, जमीन की कीमतें और बिजली की दरों जैसे विषय शामिल किए जाएं । यदि किसी राज्य में उद्योगों के लिए कोई अच्छी नीति लागू है और उससे उद्योगों को लाभ मिल रहा है, तो ऐसी नीति दूसरे राज्यों में भी लागू होनी चाहिए । अपने सदस्य संगठनों के सहयोग से ऐसी अच्छी नीतियों की पहचान कर संबंधित राज्य सरकारों के सामने सुझाव रख सकता है।

इससे एक ओर राज्यों में उद्योगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, वहीं दूसरी ओर के सदस्य संगठनों की भागीदारी भी बढ़ेगी और अधिक मजबूत होगा।



इस सुझाव को अध्यक्ष–श्री अनंत गोयनका, वरिष्ठ उपाध्यक्ष–श्री विजय शंकर एवं महासचिव–श्री अनंत स्वरूप ने सकारात्मक रूप से लिया और इस दिशा में कार्य करने का आश्वासन दिया ।

फेडरेशन, भोपाल द्वारा दो-दिवसीय राष्ट्रीय उद्योग-व्यापार सम्मेलन आयोजित

विकसित भारत के निर्माण में उद्योग एवं व्यापार की भूमिका महत्वपूर्ण : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल हुए शामिल



फेडरेशन, भोपाल द्वारा स्वर्ण जयंती वर्ष के अंतर्गत आयोजित 'विकसित भारत उद्योग व्यापार सम्मेलन-2026' का आयोजन 22-23 अक्टूबर को भोपाल में किया गया । इस सम्मेलन का शुभारंभ 22 अक्टूबर को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया था । 'उद्योगों को जोड़ना, अवसर सृजित करना, विकसित भारत का निर्माण करना' विषय पर आयोजित इस दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के 10 राज्यों के उद्योग एवं व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ रूस और जर्मनी के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की । सम्मेलन के दौरान प्रदेश में रु. 7346 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए । समापन समारोह में म. प्र. क्रिकेट एसोसिएशन एवं रूस के स्मोलेंस्क क्रिकेट एसोसिएशन के बीच क्रिकेट सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान भी हुआ ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री-माननीय डॉ. मोहन यादव ने फेडरेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश एवं औद्योगिक विकास की व्यापक संभावनाएँ है । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फेडरेशन के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 50 वर्षों में फेडरेशन ने उद्योग एवं व्यापार जगत को एकजुट करने, उद्यमियों की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाने और प्रदेश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है । देश के विभिन्न राज्यों के उद्योग एवं व्यापार संगठनों, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और उद्यमियों को एक मंच पर लाकर फेडरेशन ने संवाद एवं सहयोग की नई संभावनाएँ सृजित की यह पहल विकसित भारत के निर्माण में उद्योग एवं व्यापार जगत की भूमिका को और मजबूत करेगी ।

कार्यक्रम में एमएसएमई मंत्री-माननीय श्री चैतन्य काश्यप, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, कौशल विकास मंत्री-श्री गौतम टेटवाल तथा लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष-श्री सत्येन्द्र भूषण सिंह विशेष रूप से उपस्थित हुए ।

कार्यक्रम में **MPCCI** की ओर से मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल शामिल हुए ।

अक्टूबर 2026 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री–श्री के. आर. नायडू, केन्द्रीय संचार मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं प्रबंध निदेशक, आकासा एयर तथा सीईओ–इंडिगो एयरलाइंस को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर–इन्दौर–पुणे के मध्य सुबह के समय 'फ्लाइट' प्रारम्भ किए जाने की माँग की गई ।
* केन्द्रीय रेलमंत्री–माननीय श्री अश्विनी वैष्णव एवं केन्द्रीय संचार मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, झाँसी से ग्वालियर के मध्य सुबह के समय शटल संचालित किए जाने की माँग की गई ।
* अति. पुलिस अधीक्षक, शहर मध्य/यातायात को पत्र प्रेषित कर, लक्कड़खाना पुल पर खड़े होने ऑटो को हटाने की माँग की गई।
* केन्द्रीय रेलमंत्री–माननीय श्री अश्विनी वैष्णव को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर से काठ गोदाम के मध्य ट्रेन संचालित किए जाने की माँग की गई ।
* महापौर–माननीया डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार एवं आयुक्त, नगर पालिक निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, शहर में विज्ञापन होर्डिंग्स की लंबित एवं समाप्त अनुमति के प्रकरणों के शीघ्र निराकरण किए जाने की माँग की गई ।
* जल संसाधन व प्रभारी मंत्री–माननीय श्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री–माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद–माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह, जिलाधीश, महापौर–माननीया डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार एवं आयुक्त, नगर पालिक निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, शंकरपुर उद्योग नगरी की जर्जर स्थिति को ध्यान में रखते हुए आधारभूत ढांचा सुधारने की माँग की गई ।
* अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव, ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण को पत्र प्रेषित कर, मेला के विकास हेतु सुझाव प्रेषित किए गए।
* केन्द्रीय रेलमंत्री–माननीय श्री अश्विनी वैष्णव एवं केन्द्रीय संचार मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर सिकंदराबाद राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव उपलब्ध कराए जाने की माँग की गई ।
* केन्द्रीय वित्तमंत्री को पत्र प्रेषित कर, यूपीआई व्यापारिक लेनदेन पर एमडीआर को पूर्णतः समाप्त किए जाने की माँग की गई ।
* जिलाधीश, ग्वालियर एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित कर, जीयाजी चौक (बाड़ा) पर यातायात संचालन को सुगम बनाते हुए वाहनों के आवागमन को पूर्णतः बंद नहीं किए जाने की माँग की गई ।
* प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय को पत्र प्रेषित कर, प्रदेश में भवन निर्माण संबंधी एफएआर/एफओपी की विसंगतियों को दूर करने हेतु एमपी यूनिफाइड लेण्ड डेवलपमेंट एण्ड बिल्डिंग प्रमोशन रूल्स–2026 को शीघ्र

लागू करने की माँग की गई ।

* केन्द्रीय विदेश मंत्री महोदय एवं केन्द्रीय संचार मंत्री–श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर में पासपोर्ट सेवा केन्द्र स्थापित किए जाने की माँग की गई ।
* उद्योग आयुक्त, एमएसएमई विभाग, प्रमुख सचिव–पशुपालन एवं डेयरी विभाग, प्रमुख सचिव–किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, प्रमुख सचिव–महिला एवं बाल विकास विभाग, प्रबंध संचालक–म. प्र. पर्यटन बोर्ड, प्रमुख सचिव–लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को पत्र प्रेषित कर, एमएसएमई की पाठशाला हेतु अपने–अपने विभाग की जानकारी एवं विषय विशेषज्ञ नामांकित करने की माँग की गई ।
* आयुक्त, नगर पालिक निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए, शहर के प्रमुख बाजारों में आगजनी की घटना को ध्यान में रखते हुए, सुरक्षा की दृष्टि से 'फायर ब्रिगेड' की गाड़ियाँ 'चेम्बर भवन परिसर' में खड़ी किए जाने की माँग की गई ।
* चेयरमेन, केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड, नई दिल्ली एवं मुख्य आयुक्त, सेन्ट्रल जीएसटी एवं सेन्ट्रल एक्साइज, भोपाल को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर में सीजीएसटी कमिश्नरेट की स्थापना किए जाने की माँग की गई ।
* जल संसाधन मंत्री व प्रभारी मंत्री–माननीय श्री तुलसीराम सिलावट, जिलाधीश–ग्वालियर, मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग को पत्र प्रेषित कर, झाँसी रोड के शेष भाग का निर्माण तीन दिवस में पूर्ण करने की माँग की गई ।

कार्यकारिणी समिति की बैठक के महत्वपूर्ण निर्णय

कार्यकारिणी समिति की दिनांक 07 अक्टूबर 2026 को आयोजित बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय निम्नानुसार हैं :-

* जेडआरयूसीसी में प्रतिनिधित्व हेतु चेम्बर प्रतिनिधि के रूप में सदस्य–श्री सुमित अग्रवाल जी को नामांकित करने का निर्णय लिया गया ।
* उपसमितियों के गठन पर विचार कर, 26 उपसमितियाँ गठित करने का निर्णय लिया गया ।
* दीपावली मिलन समारोह के आयोजन की प्रगति से सदन को अवगत कराया गया ।
* सदस्य फर्म, मेसर्स सीताराम मृगेन्द्र सिंह से प्राप्त पत्र की जानकारी से सदन को अवगत कराया गया ।

प्रेषक : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा सागर प्रिन्टर्स, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक–दीपक अग्रवाल, दूरभाष–2371691,2632916,2382917